# छात्र/छात्राओं के लिये आवश्यक दिशा निर्देश

1. आवेदन करने हेतु आवश्यक निर्देशः-

- माता-पिता का आय प्रमाण पत्र (यदि माता पिता सरकारी सेवक हैं तो उनके कार्यालय द्वारा निर्गत वेतन प्रमाण पत्र सहित) तहसीलदार द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र जमा करें। माता-पिता दोनो के जीवित न होने की दशा में अभिभावक का आय प्रमाण पत्र मान्य होगा।
- केवल उत्तर प्रदेश का निवासी छात्र/छात्रा ही आवेदन कर सकता है।
- जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र तथा निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।
- सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्रा के माता-पिता एवं संरक्षक की वार्षिक आय रु0 2,00,000.00 (दो लाख) से कम हो, वही छात्र/छात्रा आवेदन कर सकते है।
- अनुसूचित जाति/जन जाति के छात्र/छात्रा के माता-पिता एवं संरक्षक की वार्षिक आय रु0 2,50,000.00 (दो लाख पचास हजार) से कम हो, वही छात्र/छात्रा आवेदन कर सकते है।
- हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट प्रमाण-पत्र एवं पिछली परीक्षा उत्तीर्ण होने की अंकतालिका की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें।
- छात्र/छात्रायें अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में सम्बन्धित छात्रवृत्ति पटल सहायक से सम्पर्क स्थापित कर रु0 100.00 (एक सौ) मात्र की बैंक स्लिप ले लें जो सत्यापन हेतु अनिवार्य है। आवेदन प्रपत्र के साथ जमा रसीद अनिवार्य रूप से संलग्न करनी होगी।
- Online आवेदन की हार्डकॉपी समस्त प्रमाण पत्र एवं बैंक स्लिप सहित संलग्न कर दिनाँक 10.12.2023 तक कार्यालय में जमा करें।
- छात्र/छात्रा शिक्षण शुल्क जमा रसीद (कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी), एवं वार्षिक बीमा प्रीमियम जमा रसीद (अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा जारी), मेस शुल्क जमा रसीद (अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा जारी) एवं छात्रावास प्रतिभूति शुल्क (स्नातक/परास्नातक/शोध पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर/वर्ष में नव प्रवेशित छात्र/छात्राओं के लिये) जमा रसीद (अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा जारी), छात्रवृत्ति आवेदन के साथ अवश्य संलग्न करें।
- आवेदन पत्र की हार्डकापी के साथ बैंक पासबुक, बैंक खाते का विवरण, नाम, खाता संख्या (I.F.S.C. Code) का मिलान अवश्य कर लें। बैंक पासबुक की सत्यापित छायाप्रति भी संलग्न करें। **आधार संख्या का बैंक खाता से लिंक होना आवश्यक है।**
- छात्र/छात्रा के माता-पिता के आधार कार्ड की छायाप्रति छात्रवृत्ति आवेदन प्रपत्र के साथ अवश्य संलग्न करे।
- छात्र/छात्रा अपने पाठ्यक्रम की जाँच करने के उपरान्त ही आवेदन करें।
- आवेदन पत्र में आधार संख्या एव विश्वविद्यालय द्वारा जारी आई0डी0 नम्बर अंकित करना अनिवार्य है।
- छात्रवृत्ति आवेदन प्रपत्र सक्षम प्राधिकारी यथा-सम्बन्धित वार्डेन अथवा विभागाध्यक्ष द्वारा अग्रसारित कराने के बाद ही कार्यालय में जमा करें।
- यदि छात्र/छात्रा द्वारा गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में अध्ययन नही किया गया है। तो रु0 10/- के शपथ-पत्र पर कारण स्पष्ट करें।
- छात्रवृत्ति आवेदन करने वाले छात्र/छात्रा को रु0 10/- के शपथ-पत्र पर इस आशय का शपथ पत्र जमा करना होगा कि **"उनके द्वारा आवेदन पत्र पर जो भी सूचना अंकित की गयी है वह सत्य है, तथा उनके द्वारा किसी भी अन्य श्रोत से छात्रवृत्ति नहीं प्राप्त की जा रही है एवं वह अध्ययनकाल में सेवारत नही है, यदि आवेदन पत्र पर अंकित सूचना असत्य पायी जाती है तो इसके लिये वे स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा उनके द्वारा प्राप्त की गयी छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि 18 प्रतिशत ब्याज सहित वापस कर ली जायेगी एवं विभाग छात्र/छात्राओं के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगा तथा शासन/प्रशासन द्वारा जो निर्णय लिया जायेगा वह मान्य होगा।"**

Dean
Students Welfare
C.S.A. University of Ag. & Tech.
Kanpur-208002

2. छात्र क्या करे? :-

- छात्रों हेतु आनलाइन पत्र भरने से पूर्व अपने शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र/जाति/आय प्रमाण पत्र (आनलाइन जारी) बैंक पासबुक, शिक्षण संस्थान में जमा की गयी शुल्क की रसीद, पाठ्यकम की अनिवार्य वार्षिक नान रिफण्डेबिल शुल्क धनराशि, वर्तमान विश्वविद्यालय/बोर्ड का अपना पंजीयन कमाँक, आधार नम्बर, अपना पासपोर्ट साइज का फोटो आदि अभिलेख अपने पास एकत्रित कर लें।
- छात्र अपना आवेदन आनलाइन करने के पश्चात एवं फाइनल सबमिट करने से पूर्व अपना सम्पूर्ण विवरण तथा हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट का रोल नम्बर, जाति/आय प्रमाण पत्र का कमाँक छात्र द्वारा गत परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण, वर्तमान पाठ्यकम में प्रवेश लेने की न्यूनतम योग्यता, पाठ्यकम एवं पाठ्यकम का प्रकार आय प्रमाण पत्र में अंकित आय, बैंक शाखा का नाम, (I.F.S.C. Code) एवं खाता संख्या अनुमोदित वार्षिक शुल्क की धनराशि, आवेदन पत्र में अंकित की गयी कैटेगरी (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, पिछडा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग) आदि का किया गया अंकन सावधानी पूर्वक जाँच कर लें तदोपरान्त ही छात्र अपने आवेदन को फाइनल सबमिट करे।
- सभी छात्र अपना आवेदन पत्र स्वयं भरें। आनलाइन आवेदन पत्र के लिए पासवर्ड स्वयं सृजित करें। छात्र यदि साइबर कैफे से आवेदन कर रहें हैं तो अपने सामने ही सभी प्रविष्टियों की जाँच कर लें तथा यदि कोई त्रुटि है तो उसको सुधार करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र को आनलाइन फाइनल सबमिट करें। तदोपरान्त शिक्षण संस्थान में आवेदन पत्र जमा करने हेतु प्रिन्ट अवश्य प्राप्त करें।
- **आवेदन पत्र प्राप्त करने के उपरान्त तीन दिन बाद संस्था हेतु फाइनल प्रिन्ट ले सकेंगे, यदि आवेदन पत्र में जाति, आय प्रमाण पत्र कमाँक तथा हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट का रोल नम्बर में कोई त्रुटि होगी तो उसे इन तीन दिनों में आपकी लागिंन पर प्रदर्शित किया जायेगा। सही करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र शिक्षण संस्थान को सबमिट करने हेतु फाइनल प्रिन्ट लें।**
- **अनिवार्य वार्षिक शुल्क (Non Refundable Fees) अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय से जानकारी करने के बाद ही वास्तविक फीस की धनराशि का अंकन छात्रवृत्ति आवेदन में करें।**
- आधार नम्बर जो छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र पर अंकित बैंक खाते से स्पदामक हो, भरना अनिवार्य है। आधार नम्बर देने तथा उसकी Linked बैंक खाते से कराने से KYC (Know Your Customer) पूर्ण हो जाती है। अपनी बैंक शाखा में KYC फार्म भरकर अवश्य जमा कर दें। अपना बचत बैंक खाता संचालित रखें एवं उसमें निर्धारित नयूनतम बैलेन्स बनाये रखें।
- बचत बैंक खाता संख्या एवं IFSC कोड को भलीभाँति जाँच लें बचत बैंक खाता संख्या एवं IFSC कोड भरने मे शून्य (0) और ओ (O) अक्षर को विशेष ध्यान से भरें।
- अपने आवेदन पत्र की हार्डकापी के साथ बचत बैंक खाते की पासबुक की सत्यापित छायाप्रति अवश्य संलग्न करे।
- छात्रों के नवीनीकरण हेतु आवेदन पत्र की कुछ अनिवार्य प्रविष्टियों को ही भरना है, जिसमें विगत परीक्षा के प्राप्ताँक/पूर्णांक, अनिवार्य नान रिफण्डेबिल फीस (Non Refundable Fees) मोबाइल नम्बर वर्तमान विश्वविद्यालय/बोर्ड का अपना पंजीयन कमाँक, आधार नम्बर, बचत बैंक खाता संख्या, व IFSC कोड आदि भरना होगा। नवीनीकरण हेतु पात्र छात्र/छात्रा आवेदन पत्र में विगत कक्षा के प्राप्ताँक को सही भरें, क्योंकि अंको का मिलान विश्वविद्यालय द्वारा अपलोड किये गये परीक्षाफल से किया जायेगा।
- पाठ्यकम, पाठ्यकम का प्रकार (नियमित/स्ववित्त पोषित) व उसके वर्ष का अंकन सही-सही ध्यानपूर्वक भरें। छात्र/छात्रा विगत वर्ष में प्राप्त छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि का अंकन अवश्य करें।
- छात्र/छात्रा मोबाइल नम्बर एवं ई-मेल आईडी स्वयं की ही दें, माता-पिता अथवा अभिभावक का नही।
- वर्तमान सत्र हेतु प्रचलित नियमावली,समय-सारिणी, प्रदर्शित सूचनायें एवं अन्य विस्तृत जानकारी हेतु www.scholarship.up.gov.in पर समय-समय पर सर्च (Search) करें।

Dean
Students Welfare
C.S.A. University of Ag. & Tech.
Kanpur-208002

३. छात्र क्या न करे।

- शिक्षण संस्थान में जमा करने के लिये आवेदन पत्र किसी अन्य व्यक्ति को न सौपें। शिक्षण संस्थान में स्वयं जमा करें।
- अपने व्यक्तिगत विवरण/अभिलेख यथा–हाईस्कूल का अनुकमाँक व बैंक खाता संख्या तथा आवेदन हेतु सृजित पासवर्ड किसी को भी साझा (Share) न करें।
- आवेदन पत्र भरने के लिये अन्तिम तिथि का इन्तजार न करें।
- शिक्षण संस्थान मे जमा करने हेतु आवेदन पत्र का फाइनल प्रिन्ट आउट बिना निकाले आवेदन पत्र भरा हुआ नही माना जायेगा। समय सारिणी में निर्धारित समयावधि में संशोधन करने के उपरान्त भी संस्थान मे जमा करने हेतु संशोधित फाइनल प्रिन्ट निकालकर संस्था में जमा करने एवं संस्था द्वारा अग्रसारित करने के उपरान्त ही संशोधित आवेदन पत्र मान्य होगा।
- छात्र/छात्रा द्वारा आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण/गलत प्रविष्टियाँ भरने पर पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र/छात्रा का होगा एवं आवेदन पत्र निरस्त हो जायेगा तथा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति अनुमन्य नही होगी।

## वर्ष 2023–24 में विश्वविद्यालय मे संचालित विभिन्न पाठ्यकम एवं शुल्क का विवरण

| वर्ष | कक्षा | अनुमोदित नानरिफन्डेबिल वार्षिक शुल्क (रू0) |
|---|---|---|
| 2023 | बी.0एस–सी0 (कृषि/गृहविज्ञान/वानिकी/हार्टिकल्चर (प्रथम वर्ष) | 43,300.00 |
| 2022 | बी0एस–सी0 (कृषि/गृहविज्ञान/वानिकी/हार्टिकल्चर (द्वितीय वर्ष) | 40,300.00 |
| 2021 | बी0एस–सी0 (कृषि/गृहविज्ञान/वानिकी/हार्टिकल्चर (तृतीय वर्ष) | 40,300.00 |
| 2020 | बी0एस–सी0 (कृषि/गृहविज्ञान/वानिकी/हार्टिकल्चर (चतुर्थवर्श) | 40,300.00 |
| 2023 | एम0एस–सी0 (कृषि/गृहविज्ञान/हार्टिकल्चर (प्रथम वर्श) | 59,300.00 |
| 2022 | एम0एस–सी0 (कृषि/गृहविज्ञान/हार्टिकल्चर ( द्वितीय वर्श) | 56,300.00 |
| 2023 | एम0बी0ए0 (प्रथम वर्ष) | 67,300.00 |
| 2022 | एम0बी0ए0 (द्वितीय वर्ष) | 63,300.00 |
| 2023 | पी0–एच0डी0 (प्रथम वर्ष) | 83,300.00 |
| 2022 | पी0–एच0डी0 (द्वितीय वर्ष) | 79,300.00 |
| 2021 | पी0–एच0डी0 (तृतीय वर्ष) | 82,300.00 |

Dean
Students Welfare
C.S.A. University of Ag. & Tech.
Kanpur-208002